आज का विचार

जो जन्म लेता है उसका अंत भी निश्चित होता है। कोई अमर नहीं होता, यह बात पार्टियों पर भी लागू होती है जो बनती है तो बिगड़ना भी तय हो जाता है। **(शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता)**

दैनिक **लोकजीवन**

दलों का टूटन-बिखरना

देश में राजनीतिक दलों का गठन विघटन बच्चों केखेल जैसा हो चला है सैंकड़ों पार्टियां अस्तित्व में आने से पहले ही अस्त हो जातीहै। मात्र चुनाव आयोग की सूची में उनका नाम अंकित रह जाता है वे चुनाव में भाग लेती है और न ही जनता उन्हें जानती है फिर भी उनका अस्तित्व बना रहता है। यह तो तब की बात है जब इन्हें बनाने वलो अपनी महत्वाकांक्षा को पंख नहीं लगा पाते और न ही जनता तक पहुंचने की हिम्मत रखते है लेकिन दलों में टूटन और फिर नये दलों का गठन अथवा किसी बड़े दल में विलय की नियत से टूटना बिखरना, राजनीति का खेल बन गया है। शातिर नेता अपने दल का दायरा बढ़ाने की नियत से छोटे दलों में न केवल फूट डलवाते है अपितु उनका लक्ष्य ही अलग होने वाले धड़े को अपनी पार्टी की सदस्यता देकर दल बदल विरोधी कानून की धज्जियां उड़ाना होता है बस दिखता यही है कि छोटे दल में कलह है और कलह की वजह से टूटन आ रही है। यह सब सांसद विधयकों की खरीद फरोख्त अथवा सत्ता में भागीदारी का ललच करवाता है तभी तो राजस्थान में एक नहीं दो बार बसपा से जीते सभी छह विधायक कांग्रेसी हो गए और कानून इनका कुछ नहीं बिगाड़ सका। छोटे और क्षेत्रीय दल जो किसी नेता या परिवार की पार्टी बन कर रह गये उनमें भी परिजनों में ही दूरी बनते ही पार्टी का बिखरना तय हो जाता है।

हाल ही में पासवान की लोजपा चाचा-भतीजे के टकराव में अंतिम सांसे गिन रही है रामविलास पासवान के निधन के बाद से ही पार्टी के सांसद चिराग पासवान के नेतृत्व में असंतुष्ट होने लगे, जिनकी नितीश सरकार से टकराव का नतीजा विधानसभा चुनाव में देखने को मिला जो स्वयं को राजग का हिस्सा तो मानते रहे लेकिन जदयू को हराने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी नतीजन लोजपा को भी शर्मनाक हर का सामना करना पड़ा और एकमात्र विधायक जीत पाया। लोकसभा में पार्टी के 6 सांसदों ने 5 ने चाचा पारस को अपना नेता चुन लिय तथा लोजपा से अलग हो गए, चिराग ने सभी पांच सांसदों को निष्कसित कर दिया, जवब में पारस के गुट ने चिराग को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटा दिया तथ इस घटनाक्रम को देखते हुए पारस ने स्पष्ट किया है कि उनका गुट रजग का हिस्सा बना रहेगा। हालांकि अनुमान लगाया जा रहा है कि कहीं यह विभाजन पांचों सांसदों के भाजपा में शामिल होने की कोशिश का हिस्सा तो नहीं है। वहीं चिराग पासवान ने कहा कि पार्टी मां समान होती है। जिसे धोखा नहीं दिया जाना चाहिए, हालांकि वे अपने परिवर के संगठित रखने में विफल रहे। आवश्यकता इस बत की है कि दलों के टूटने बिखरने से रोकने के लिए प्रभावी उपाय किए जाने चाहिए।

कड़वी घूंट -सूरज

गद्दारी - वफादारी ....

कैन गद्दार कौन वफादार यह फैसला कौन करें, क्योंकि दोनों खेमे अपने पक्ष को ही सही मानेंगे, रही बात वफादारों की तो सदा ही वफादारों को त्याग ही करना पड़ता है। उनकी अपनी आकांक्षा के पीछे छोड़कर नेता को सुरक्षित देखना पहला धर्म होताहै क्योंकि यदि उनका नेता सुरक्षित रहेगा तो सत्ता अपने आप ही सुरक्षित हो जाएगी और सत्ता रही तो स्वास्थ्य की पूर्ति के लिए उन्हें वरियता मिलनी ही मिलनी।

विपरित इसके अपनी आकांक्षा की पूर्ति के बगावत करने वाले अपराधी की श्रेणी में आ जाते है क्योंकि उनकी बगावत सफल जाती तो सरकार की पुण्यतिथि आ गई होती, न सरकार गई और नहीं उनक निष्कासन हुआ तो वफादार व गद्दार एक साथ भले ही रह रहे हो लेकिन विभाजन रेख तो खिंची हुई ही रहनी है।

हां राजस्थान में बगावत करने वाले पायलट समर्थक व गहलोत समर्थकों में मुद्दा महत्वपूर्ण हो गय क्योंकि जिन्हेंने गद्दारी की वे ही सत्ता में भागीदारी के लिए दबाव बना रहे है तो वफादारी निभाने वालों की बात में दम है गद्दारी करने वालों को नहीं बल्कि वफादारी निभने वालों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए। गद्दारों को सम्मान दिया तो वफादार इसे अपना अपमन ही मानेंगे। अब यह आप जानों कि आखिर सत्ता में किसे भागीदारी मिलेगा या सभी प्रतिक्षा में ही रहेंगे।

जिला कलक्टर मीणा के प्रयासों से निखरने लगी बावड़िया

जन सहयोग से शुरू हुआ बावड़ियों में सफाई कार्य

रेखा खाबिया
लोकजीवन न्यूज सर्विस, चित्तौड़गढ़

जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा के निरंतर प्रयासों से आखिरकार चित्तौड़गढ़ दुर्ग की बावड़ियों का सफाई कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। जिला कलेक्टर की प्रेरणा से विभिन्न संस्थाएं अब बावड़ियों की सफाई हेतु आगे आ रही है। बुधवार को जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा पुरातत्व विभाग एवं यूआईटी के अधिकारियों के साथ तीन बावड़ियों में जनसहयोग से चल रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे एवं सफाई कर रही संस्थाओं का हौसला बढ़ाया। इस दौरान यूआईटी सचिव सी डी चारण भी उपस्थित रहे। कालिका माता मंदिर के सामने स्थित बावड़ी का सफाई कार्य देखा। यहां चित्तौड़गढ़ मार्बल लघु उद्योग संस्थान द्वारा सफाई कार्य करवाया जा रहा था।

जिला कलेक्टर ने यहां किए जा रहे कार्य की सराहना की। सफाई कार्य से बावड़ी पहले के मुकाबले काफी साफ दिख रही है। जिला कलेक्टर ने भीम गौड़ी एवं खातन बावड़ी में चल रहे सफाई कार्य भी निरीक्षण किया। भीम घोड़ी पर रसाल इंफ्रास्ट्रक्चर रवि राज सिंह द्वारा एवं खातन बावड़ी में आशीर्वाद होटल कमल दवे द्वारा सफाई कार्य शुरू किया गया है। तीनों ही जगह सफाई कर्मी उत्साह के साथ बावड़ी में लंबे समय से जमी पड़ी गंदगी हटाने में लगे हुए हैं। इधर खातन बावड़ी में हुए सफाई कार्य के बाद बावड़ी का रूप काफी निखर गया है। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने इस मौके पर कहा कि चित्तौड़गढ़ किला विश्व विख्यात है। देश विदेश में चित्तौड़गढ़ अपनी बहादुरी और स्थापत्य कला के लिए जाना जाता है। उन्होंने बताया कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर करीब सात दिन पहले विजिट किया था और इस दौरान पाया गया कि प्राचीन बावड़ियों में गंदगी जमी पड़ी होने से सफाई की तत्काल आवश्यकता है। इस पर जन सहयोग के माध्यम से सफाई अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सफाई के बाद किले की बावड़ियों का पेयजल काम आ सकेगा और पर्यटकों को भी अच्छा लगेगा। यूआईटी सचिव सी डी चारण ने भी सहयोग हेतु आगे आई संस्थाओं को सराहा। पुरातत्व विभाग के वरिष्ठ संरक्षण सहायक रतनलाल जीतरवाल ने बताया कि मानसून से पहले सफाई कार्य होने से बावड़ियां अब काफी अच्छी लगेंगी और इसके लिए सभी निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा दुर्ग स्थित बावड़ियों की सफाई के लिए निरंतर चिंतित है एवं प्रयासरत हैं कि मानसून से पहले-पहले बावड़ियों में प्रभावी ढंग से सफाई कार्य संपन्न हो जाए।

किसानों को दें उच्च गुणवत्ता युक्त बीज, दुकानदारों को किया पाबंद -कुमावत

लोकजीवन न्यूज सर्विस, काछोला

कृषि विभाग की ओर से रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं कीटनाशक औषधि की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी को लेकर क्षेत्र के धामनिया में कृषि विभाग के कृषि अधिकारी महेश कुमार कुमावत ने खाद बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं कृषि अधिकारी कुमावत ने बताया कि कृषि विभाग की टीम अपने-अपने इलाकों में लगातार दबिश देकर बीज, खाद और कीटनाशक औषधियों के सैम्पल ले रहे हैं इन्हें संग्रहण करके बीज परीक्षण प्रयोगशाला मैं भिजवाए जा रहे हैं। जिससे किसानों को प्रमाणित बीज प्राप्त हो सके वहीं विक्रेताओं को आवश्यक दस्तावेजों के संधारण हेतु सख्ती से पालना करने हेतु भी पाबंद किया जा रहा है एवं अनियमितता पाए जाने पर बीज अधिनियम 1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्ती से कार्रवाई होगी इसको लेकर भी हिदायत दी जा रही है। कृषि विभाग के अनुसार खरीफ सीजन 2021 में बीज के नमूने लिए गए हैं। कृषि विभाग की टीम कीटनाशक औषधियों के गुणवत्ता को लेकर भी सजग है। इस अवसर पर नंद सिंह शक्तावत, मिट्ठू सिह सहित आदि उपस्थित थे।

शारदा ड्रीम सिटी में मात्र 6.84 लाख में मकान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा।

चित्तौड़गढ़ रोड स्थित सर्व सुविधायुक्त शारदा ड्रीम सिटी में महज 6.84 लाख रुपए में मकान उपलब्ध है। कॉलोनी में 20 से अधिक मूलभूत सुविधाएं है। इन मकान की खरीद पर लोन की किस्त औसतन 115 रुपए प्रतिदिन दिन आ रही है। जो प्रदेश में सबसे कम कीमत के अच्छी क्वालिटी के मकान की है। शारदा समूह के डायरेक्टर ह्रदय लाठ ने बताया कि कोरोना काल में जीवन सुरक्षित रखने के लिए हर परिवार के पास अपना मकान होना जरूरी है, मिडिल क्लास परिवारों की इसी जरुरत को पूरा करने के लिए शारदा समूह विशेष ऑफर लेकर आया है। जिसमें ग्राउंड और फर्स्ट प्रत्येक फ्लोर पर 2 बैडरूम, हॉल, किचन, पूजा स्थल, ओपन एरिया और सेपरेट लेटबाथ की सुविधा के साथ मकान उपलब्ध करवाए जा रहे है। इन मकान

की खरीद कीमत की किस्त बेहद कम यानी प्रतिदिन औसतन 115 रुपए ही है। मतलब मकान खरीदना काफी आसान है। इतने सस्ते और बेहतर आवास संभवतय पूरे प्रदेश में शारदा समूह की उपलब्ध करवा रहा है। यह आवास भीलवाड़ा शहर में आकर किराए के मकान में निवास कर रहे लोगों के लिए काफी उपयोगी है। 7 दिनों में आवास बुक करवाने वाले परिवारों को 40000 कीमत का मॉड्यूलर किचन फ्री दिया जाएगा। मकान की खरीद या इसके बारे में विस्तृत जानकारी के लिए साइट विजिट करे। मालूम हो कि शारदा समूह ने ही भीलवाड़ा में प्रधानमंत्री जन आवास योजना के आवास पहली बार शारदा ड्रीम सिटी और शारदा एवरग्रीन पार्क में उपलब्ध करवाए थे। शारदा ग्रुप का चित्तौ? में शारदा रॉयल ग्रीन और रायला में आशियाना प्रोजेक्ट भी चल रहा है। यहां पर भी आवास और प्लॉट की बुकिंग वाजिब कीमत में की जा रही है। कॉलोनी में बालाजी का भव्य मंदिर, अंडर ग्राउंड केबल, जल व्यवस्था, पार्क, सुरक्षा दीवार, सीसी टीवी कैमरे, मंदिर, शॉपिंग काम्पलेक्स सहित अनेकों सुविधाएं एवं स्कूल के लिए आरक्षित भूमि मौजूद है। सुरक्षित और बेहतरीन बसावट वाली चित्तौड़ रोड स्थित शारदा ड्रीम सिटी में 450 परिवार सफलतापूर्वक बस चुके है।

खटीक शिक्षक संघ एकीकृत के जिलाध्यक्ष मनोनीत

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश संगठन ने जिला अध्यक्ष के

रिक्त पद पर संगठन के वर्तमान जिला महामंत्री नवरतन मल खटीक को मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश मंत्री राधेश्याम खटीक ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष गिरिराज शर्मा के निर्देश पर यह मनोनयन किया गया। गौरतलब है कि जिलाध्यक्ष बालस्वरुप जीनगर का 6 जून को निधन हो जाने से यह पद रिक्त हो गया था। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने खटीक को अति शीघ्र कार्यकारिणी विस्तार करने तथा शिक्षक, शिक्षा व शिक्षार्थी के हितार्थ कार्य करने के निर्देश दिए।

रक्तदान में भी शिक्षक रहे अव्वल, शिक्षक दम्पत्ति ने रक्तदान कर बढ़ाया उत्साह

लोकजीवन न्यूज सर्विस, निम्बाहेड़ा

कोरोना संक्रमण से जूझते समाज को बचाने के लिए चिकित्सा व उपखंड प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी दे रहे ब्लॉक के शिक्षकों ने उपखंड प्रशासन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सबसे ज्यादा संख्या में रक्तदान किया है। उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी ने खुद शिक्षकों की इस पहल को सराहते हुए उपखंड के लिए गौरवपूर्ण बात बतलाई और रक्तदाताओं का आभार भी माना। मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी डॉ.रवीन्द्र कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिला कलक्टर ताराचंद मीणा के निर्देश पर आयोजित उक्त रक्तदान शिविर में 135 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें 76 से ज्यादा शिक्षकों ने रक्तदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपनी श्रेष्ठता और

महत्ता साबित करी है। रक्तदान करने वालों में शिक्षक दम्पत्ति , महिला शिक्षक, अल्पसंख्यक शिक्षक और सबसे ज्यादा बाहरी जिलों के मूलनिवासी शिक्षक आदि शामिल रहे है। शिक्षक दम्पत्ति श्रीमती मधु गुगलिया व्याख्याता ने अपने पति शिक्षक विनोद खींची के साथ रक्तदान कर शिक्षकों व युवाओं में उत्साह भर दिया। प्रशासन के निर्देश पर कोविड की राष्ट्रीय आपदा के दौर में मध्य प्रदेश राजस्थान सीमा पर स्थित कनेरा, जलिया चेक पोस्ट , दोनों कोविड केयर सेंटर , ऑक्सीजन प्लांट, कंट्रोल रूम आदि स्थानों पर राउंड द क्लॉक ड्यूटी दे कर शिक्षकों ने सिद्ध कर दिया है कि वे राष्ट्रीय आपदा एवं महामारी के दौर में मानवता को बचाने के लिए अपना रक्तदान करने में भी सबसे आगे है। राजकीय कार्य में शिक्षकों की महत्ता इस बात से आंकी जा सकती है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में विश्वसनीय एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग भी शिक्षकों पर ही सर्वाधिक विश्वास करता है। इसके बावजूद शिक्षक नेता डॉ.गोविंदराम शर्मा का यह कथन भी विचारणीय है कि भारत की प्रशासनिक बॉडी शिक्षकों को विभिन्न कार्यो को कराने का एक पाना नामक औजार अर्थात एक टूलकिट मात्र मानती है , जबकि राजनीतिज्ञ शिक्षकों को वायशर मात्र मानते हैं। इसके बावजूद साहित्य समाज में शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता कहा गया है जिसे गुरु वशिष्ठ , संदीपन, चाणक्य , गुरु रामदास आदि ने क्रमशः राम, कृष्ण , चंद्रगुप्त, शिवाजी आदि के व्यक्तित्व का निर्माण करके स्वयं को शिक्षक के रूप प्रमाणित एवं सिद्ध किया। सीबीईओ उपाध्याय सहित रक्तदान करने वाले 76 से अधिक शिक्षकों में शकील सैय्यद, डॉ. शमा खान, नताशा चौधरी , धनराज सोलंकी आदि प्रमुख थे। वरिष्ठ प्रधानांचार्य अरविंद मूंदड़ा, अनिल झंवर, उमेश शर्मा, हरीश तानन, रामेश्वर शर्मा की सराहनीय सेवाएँ रही।

बनेडा उपखंड के डीएमटी समुदायों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाये- केसावत

शाहपुरा। कांग्रेस नेता विधायक प्रत्याशी गोपाल केसावत पूर्व राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया है कि बंजारा, गाड़ियालोहार , नायक , सांसी , कंजर , बावरी , भाट , रेबारी , सपेरा , कालबेलिया , अन्य घुमंतु समुदाय को राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याण कारी योजनाओं से जोड़ा जाए और शाहपुरा बनेडा ब्लॉक में जातियो का सर्वे किया जाये। राज्य सरकार महत्वपूर्ण योजना निःशुल्क भूखंड आवंटित योजना जन घोषणा पत्र की योजना से जोड़ा जाये । और भूखंड और आवासीय पट्टे जारी किए जाये नगर पालिका क्षेत्र एंव पंचायत स्तर पर पट्टे आवंटित किए जाये।

नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : नियमन/2021/MUT/458 दिनांक : 16.06.2021

आम सूचना

एतद्द्वारा **श्री शंकर पुत्र श्री छीतर** द्वारा राजस्व ग्राम जोधड़ास की आराजी 184/1 गैर योजना में भूखंड संख्या **18 साईज 18×40=80.00 वर्गगज** का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा **दिनांक 05.09.2019** को कराया गया था।

भूखंड धारी द्वारा भूखंड संख्या **18 साईज 18×40=80.00 वर्गगज श्रीमती सुलेखा कटारिया पत्नी श्री अभिषेक राव** को विक्रय कर दिया एवं **श्रीमती सुलेखा कटारिया पत्नी श्री अभिषेक राव** द्वारा **श्रीमती सुनीता राव पत्नी श्री रणजीत राव** को विक्रय कर दिया है।

श्रीमती सुनीता राव पत्नी श्री रणजीत राव द्वारा उक्त भूखंड के नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम जोधड़ास की **आराजी 184/1 गैर योजना में भूखंड संख्या 18** के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर/एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखंड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी नियमन
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक/भू.शा./द्वितीय/21-22/MUT/363 दिनांक :

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा **श्रीमती प्रेम बाई पत्नी श्री ओली लाल मेघवाल** को न्यास की **तिलक नगर योजना में भूखंड संख्या 1-एच-37 साईज 30×64=213.33 वर्गगज** नीलामी द्वारा/आवंटन लॉटरी द्वारा/अवाप्त भूमि के बदले/नियमन द्वारा आवंटन/विक्रय किया गया।

आवंटी द्वारा उक्त 1-एच-37 साईज 30×64=213.33 वर्गगज जरिये मु. आम **श्री रामकुमार सोनी पिता श्री लक्ष्मीनारायण सोनी द्वारा श्री मनीष पारीक पुत्र श्री ओमप्रकाश पारीक** को पंजीकृत विक्रय किया गया इनके द्वारा **श्री पिष्णु पुरोहित पिता श्री मदनलाल शर्मा** को पंजीकृत विक्रय किया गया।

श्री पिष्णु पुरोहित पिता श्री मदनलाल शर्मा के द्वारा उक्त भूखंड को अपने नाम नामान्तरण करवाने बाबत् आवेदन पत्र कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी उजरदारी मय सबूत/दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर पालिका गंगापुर, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान)

PH. No. 1481-220025, 220030 E-mail. ID :- npgangapur@gmail.com

क्रमांक : /न.पा.गं./नामा.शा./2021-22/452 दिनांक : 02.06.2021

सार्वजनिक सूचना
(मकान/दुकान/भूभाग नामान्तरण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका गंगापुर (भीलवाड़ा) क्षेत्र में स्थित मकान/दुकान/भूभाग को क्रय के आधार पर अपने नाम पर नामानर्तित किये जाने हेतु निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	सम्पत्ति पूर्व में अंतिम व्यक्ति का नाम	सम्पत्ति का विवरण	वार्ड नं.	मोहल्ला	नामान्तरण का आधार	नामान्तरण हेतु आवेदित व्यक्ति का नाम
1	श्री सुधीर पिता रामसहाय जी सोमानी श्री सत्यनारायण पिता श्री कनकमल अग्रवाल एचपीएफ कर्ता श्री सत्यनारायण अग्रवाल, श्री प्रशांत पिता श्री गणपतलाल सिंघवी, श्री संजय कुमार पिता श्री सुरेश चन्द्र रूईया सर्व निवासी गंगापुर तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा	भू.सं. 15	03	रायपुर रोड	विक्रय पत्र	अनुषा पुत्री श्री पवन कुमार रूईया निवासी गंगापुर तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा
2	श्री सुधीर पिता रामसहाय जी सोमानी श्री सत्यनारायण पिता श्री कनकमल अग्रवाल एचपीएफ कर्ता श्री सत्यनारायण अग्रवाल, श्री प्रशांत पिता श्री गणपतलाल सिंघवी, श्री संजय कुमार पिता श्री सुरेश चन्द्र रूईया सर्व निवासी गंगापुर तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा	भू.सं. 14	03	रायपुर रोड	विक्रय पत्र	ऐशना पुत्री श्री संजय कुमार रूईया निवासी गंगापुर तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा
3	श्री सुधीर पिता रामसहाय जी सोमानी श्री सत्यनारायण पिता श्री कनकमल अग्रवाल एचपीएफ कर्ता श्री सत्यनारायण अग्रवाल, श्री प्रशांत पिता श्री गणपतलाल सिंघवी, श्री संजय कुमार पिता श्री सुरेश चन्द्र रूईया सर्व निवासी गंगापुर तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा	भू.सं. 13	03	रायपुर रोड	विक्रय पत्र	ऐशना पुत्री श्री संजय कुमार रूईया निवासी गंगापुर तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा
4	श्री सुधीर पिता रामसहाय जी सोमानी श्री सत्यनारायण पिता श्री कनकमल अग्रवाल एचपीएफ कर्ता श्री सत्यनारायण अग्रवाल, श्री प्रशांत पिता श्री गणपतलाल सिंघवी, श्री संजय कुमार पिता श्री सुरेश चन्द्र रूईया सर्व निवासी गंगापुर तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा	भू.सं. 16	03	रायपुर रोड	विक्रय पत्र	अनुषा पुत्री श्री पवन कुमार रूईया निवासी गंगापुर तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा

उक्त भूखंड का नामान्तरण किए जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति होतो अपना आपत्ति पत्र मय प्रमाणित दस्तावेजों के इस सूचना पत्र के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर दें। अन्यथा बाद अवधि गुजरने के कोई आक्षेप मान्य नहीं होगा।

(कृष्ण गोपाल माली), अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, गंगापुर

रंजन पोलिस्टर्स लिमिटेड

कॉरपोरेट आइडेंटिटी नंबर (सीआईएन): L24302RJ1990PLC005560

पंजीकृत कार्यालयः 11-12TH, की.मी.स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा - 311001(राजस्थान), इंडिया

फ़ोनः 01482-249095, ई-मेलः ranjanpoly@gmail.com

वेबसाइटः www.ranjanpolysters.com

सूचना

सूचना सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली-2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालना में एतदद्वारा सूचित किया जाता हे की कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 29 जून, 2021को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 11-12TH, कि. मी. स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा -311001 (राजस्थान) में शाम 4 बजे, 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष वित्तीय परिणामो की अनुशंसा पर विचार अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जाएगी। निवेशक कंपनी की वेबसाइट (www.ranjanpolysters.com) एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.msei.in) पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
रंजन पोलिस्टर्स लिमिटेड के द्वारा
Sd/-
(चित्रा नराणीवाल)
कंपनी सचिव

दिनांकः 17.06.2021
स्थानः भीलवाड़ा

कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक :- परि / 2021-22/11157/09/

दिनांक: 16.6.2021

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखी गई वाहन का स्वामित्व बदलने (ट्रांसफर) हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता को 15 कार्य दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा वाहन हस्तान्तरण कर दिया जाएगा।विज्ञापन का खर्च आवेदक स्वयं वाहन करेंगा।

वाहन संख्या(1) RJ 09 UA 7995 (2) RJ 09 GA 5558 (3) RJ 09 GA 3551, (4) RJ 09 GB 2822, (5) RJ 09 GB 2820, (6) RJ 09 GB 6429 पंजीकृत वाहन स्वामी का नाम व पता –Sh. Dilip Kumar Kabra. s/o Sh. Prahlad Rai Kabra , Dekdikheda, Chittorgarh, मृतक वाहन स्वामी के उत्तराधिकारी का नाम, Smt. Kapila Kabra, w/o Sh. Dilip Kumar Kabra , Dekdikheda, Chittorgarh, वाहन स्वामी से संबंध- Wife

न्यू टेक ग्लोबल लिमिटेड

कॉरपोरेट आइडेंटिटी नंबर (सीआईएन) : L17114RJ1984PLC003023

पंजीकृत कार्यालय : ई-149, रीको इंडस्ट्रियल एरिया भीलवाड़ा-311001, राजस्थान

फोन - +911482260508

ई-मेल: info@nutechglobal.com

वेबसाईट : www.nutechglobal.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली-2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालना में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक गुरूवार 24 जून 2021 को कम्पनी के कार्यालय ई-149, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 में शाम 4 बजे, 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जाएगी।

निवेशक कंपनी की वेबसाइट (www.nutechglobal.com) एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
न्यूटेक ग्लोबल लिमिटेड के द्वारा
हस्ता./-
(शुभांगी जेनिफर)
कंपनी सचिव

दिनांक : 16.06.2021
स्थान : भीलवाड़ा